सत्यमेव जयते

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन ० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

Test Date	30/12/2025
Test Time	4:30 PM - 6:00 PM
Subject	RRB Level 01 Stage I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : General Science

Q.1 जब अंडा निषेचित नहीं होता है, तो गर्भाशय भित्तियों का टूटना किस प्रक्रिया में शामिल होता है?

Ans
- ✗ A. निषेचन (Fertilisation)
- ✗ B. रजोनिवृत्ति (Menopause)
- ✓ C. रजोधर्म (Menstruation)
- ✗ D. ऊष्मायन (Incubation)

Q.2 निम्नलिखित में से कौन-सा, बड़े हॉल की छत को वक्राकार (curved shape) बनाने का सही कारण है?

Ans
- ✗ A. छत के ऊपर अधिक भंडारण स्थान प्रदान करने के लिए
- ✗ B. निर्माण लागत को कम करने के लिए
- ✓ C. हॉल में ध्वनि को समान रूप से वितरित करने के लिए
- ✗ D. हॉल की समग्र ऊंचाई कम करने के लिए

Q.3 गेहूं और सरसों की कृषि एक ही स्थान (भूमि-खंड) पर एक साथ करना, निम्नलिखित में से किसका उदाहरण है?

Ans
- ✗ A. एकलकृषि सस्यन
- ✗ B. सस्यावर्तन
- ✗ C. झूम कृषि
- ✓ D. मिश्रित सस्यन

Q.4 बेंजीन वलय में कितने कार्बन परमाणु मौजूद होते हैं?

Ans
- ✗ A. 5
- ✗ B. 8
- ✓ C. 6
- ✗ D. 4

Q.5 यदि किसी पुष्प के पुंकेसर निष्क्रिय हों, तो कौन-सी प्रक्रिया नहीं होगी?

Ans
- ✗ A. फल परिक्षेपण
- ✗ B. कलिका संरक्षण
- ✗ C. अंडाशय विकास
- ✓ D. पराग उत्पादन

Q.6 निम्नलिखित में से किस प्राकृतिक घटना को गुरुत्वाकर्षण के सार्वभौमिक नियम द्वारा स्पष्ट नहीं किया जा सकता है?

Ans
- ✗ A. पृथ्वी के परित: चंद्रमा की परिक्रमा
- ✗ B. समुद्र में ज्वार-भाटा
- ✓ C. चुम्बकों के बीच आकर्षण
- ✗ D. वृक्ष से सेब का गिरना

Q.7 जब दो भिन्न प्रतिरोधक R_1 और R_2 एक परिपथ में एक-दूसरे से समांतर क्रम में संयोजित होते हैं, तो निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?

(i) उनमें से प्रत्येक के सिरों पर विभवांतर समान होता है।
(ii) दोनों में से प्रवाहित होने वाली धारा समान होगी।
(iii) इनका तुल्य प्रतिरोध $R_1 + R_2$ के बराबर होता है।

Ans
- ✓ A. केवल (i)
- ✗ B. केवल (ii)
- ✗ C. (ii) और (iii) दोनों
- ✗ D. (i) और (iii) दोनों

Q.8 एक आयताकार कांच के स्लैब से निकलने वाली निर्गत किरण, ____________ होती है।

Ans
- ✗ A. अभिलंब से दूर मुड़ी हुई
- ✗ B. आपतित किरण के लंबवत
- ✗ C. अभिलंब की ओर मुड़ी हुई
- ✓ D. आपतित किरण के समांतर

Q.9 जुताई, सिंचाई और गाड़ी से ढोने के लिए उपयोग किए जाने वाले पशुओं को क्या कहा जाता है?

Ans
- ✗ A. मांसाहारी पशु (Carnivorous animals)
- ✗ B. जंगली पशु (Wild animals)
- ✓ C. भारवाहक पशु (Draught animals)
- ✗ D. दुधारू पशु (Milch animals)

Q.10 यदि किसी वस्तु का वेग एक निश्चित समयावधि में समान रूप से बदलता है, तो उस समयावधि के दौरान औसत वेग की गणना कैसे की जा सकती है?

Ans
- ✓ A. प्रारंभिक और अंतिम वेगों का समांतर माध्य लेकर
- ✗ B. अंतिम वेग को प्रारंभिक वेग से विभाजित करके
- ✗ C. प्रारंभिक वेग को अंतिम वेग के दोगुने में जोड़कर
- ✗ D. प्रारंभिक वेग को अंतिम वेग से घटाकर

Q.11 उच्च अभिक्रियाशीलता श्रेणी वाली धातुओं को निष्कर्षित करने के लिए किस विधि का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ A. कार्बन के साथ गरम करना
- ✓ B. इलेक्ट्रोलिटिक अपचयन
- ✗ C. भर्जन
- ✗ D. निस्तापन

Q.12 दूरी-समय ग्राफ का ढलान निम्नलिखित में से क्या दर्शाता है?

Ans
- ✓ A. वस्तु की चाल
- ✗ B. वस्तु का त्वरण
- ✗ C. तय की गई दूरी
- ✗ D. वस्तु पर बल

Q.13 एक 100 W का बल्ब 220 V की आपूर्ति से जुड़ा है। बल्ब से होकर प्रवाहित धारा लगभग कितनी है?

Ans

✗ A. 1.1 A

✗ B. 2.2 A

✗ C. 0.91 A

✓ D. 0.45 A

Q.14 मैग्नीशियम का परमाण्विक द्रव्यमान कितना होता है?

Ans

✗ A. 6

✓ B. 24

✗ C. 14

✗ D. 1

Q.15 नाभिक के निकट सघन अभिरंजित जालीदार संरचनाओं को सर्वप्रथम किसने देखा था, जिन्हें अब गॉल्जी काय के रूप में जाना जाता है?

Ans

✗ A. रॉबर्ट हुक (Robert Hooke)

✗ B. मैथियास श्लाइडेन (Matthias Schleiden)

✗ C. एंटोनी वॉन ल्यूवेनहॉक (Anton van Leeuwenhoek)

✓ D. कैमिलो गोल्गी (Camillo Golgi)

Q.16 निम्नलिखित सिंथेटिक संकेतकों और रंग परिवर्तनों का मिलान करें।

स्तंभ A (संकेतक)	स्तंभ B (रंग परिवर्तन)
A. लाल लिटमस	1. क्षार में नीला हो जाता है
B. नीला लिटमस	2. अम्ल में लाल हो जाता है
C. फिनोलफथेलिन	3. अम्ल में रंगहीन, क्षार में गुलाबी
D. मिथाइल ऑरेंज	4. अम्ल में लाल, क्षार में पीला

Ans

✓ A. A-1; B-2; C-3; D-4

✗ B. A-2; B-1; C-3; D-4

✗ C. A-4; B-3; C-2; D-1

✗ D. A-3; B-4; C-1; D-2

Q.17 ऊर्जा के कौन-से दो रूपों को सामूहिक रूप से यांत्रिक ऊर्जा के नाम से जाना जाता है?

Ans

✗ A. ऊष्मा और प्रकाश ऊर्जा

✗ B. विद्युत ऊर्जा और चुंबकीय ऊर्जा

✗ C. रासायनिक ऊर्जा और नाभिकीय ऊर्जा

✓ D. गतिज और स्थितिज ऊर्जा

Q.18 'ऊर्ध्वपातन' के उदाहरण के सही युग्म का चयन करें।

Ans

✗ A. चीनी और नेफ़थलीन

✗ B. शुष्क बर्फ और नमक

✗ C. नमक और कपूर

✓ D. कपूर और नेफ़थलीन

Q.19 जैसे-जैसे वक्ष गुहा बड़ी होती जाती है, हवा फेफड़ों में _______ है और विस्तारित _______ को भरती है।

Ans

✗ A. बलपूर्वक; पर्शुकाओं

✗ B. धकेली जाती; श्वसनी

✓ C. खींची जाती; कूपिका

✗ D. अवशोषित; डायाफ्राम

Q.20 वाष्पीकरण के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है?

Ans
- ✗ A. यह केवल क्वथनांक पर होता है।
- ✗ B. इसे किसी ऊष्मा की आवश्यकता नहीं होती
- ✗ C. यह पूरे तरल में होता है
- ✓ D. यह केवल तरल की सतह पर होता है

Q.21 कौन सा अम्ल अपनी ऑक्सीकारक प्रकृति के कारण धातु के साथ उपचारित किए जाने पर हाइड्रोजन गैस नहीं देता है?

Ans
- ✗ A. एसिटिक अम्ल
- ✓ B. नाइट्रिक अम्ल
- ✗ C. सल्फ्यूरिक अम्ल
- ✗ D. हाइड्रोक्लोरिक अम्ल

Q.22 निम्नलिखित शरीर के अंगों को उनमें पाए जाने वाले एपिथीलियमी ऊतक के प्रकारों के साथ सुमेलित कीजिए।

शरीर के अंग	उपकला ऊतक
A. वृक्कीय नलिकाएं	1. स्तरित शल्की एपिथीलियमी
B. त्वचा की सतह	2. घनाकार एपिथीलियम
C. फेफड़ों की कूपिका	3. पक्ष्माभी स्तंभाकार एपिथीलियम
D. श्वसन पथ अस्तर	4. सरल शल्की एपिथीलियम

Ans
- ✗ A. A-4, B-2, C-3, D-1
- ✗ B. A-1, B-2, C-3, D-4
- ✓ C. A-2, B-1, C-4, D-3
- ✗ D. A-2, B-3, C-4, D-1

Q.23 निम्नलिखित में से कौन-सी विस्थापन अभिक्रिया है?

Ans
- ✓ A. $Zn + CuSO_4 \rightarrow ZnSO_4 + Cu$
- ✗ B. $CaCO_3 \rightarrow CaO + CO_2$
- ✗ C. $AgNO_3 + NaCl \rightarrow AgCl + NaNO_3$
- ✗ D. $NaOH + HCl \rightarrow NaCl + H_2O$

Q.24 एक वस्तु को अवतल दर्पण के सामने अनंत पर रखा गया है। प्रतिबिंब कहां बनेगा?

Ans
- ✗ A. वक्रता केंद्र (C) पर
- ✓ B. मुख्य फोकस (F) पर
- ✗ C. ध्रुव (P) पर
- ✗ D. दर्पण के पीछे

Q.25 लैंगिक रूप से प्रजनन करने वाले पादपों में निषेचन से पूर्व निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया होती है?

Ans
- ✗ A. फल निर्माण
- ✓ B. परागण
- ✗ C. भ्रूण निर्माण
- ✗ D. बीज विकास

Section : **Mathematics**

Q.26 A प्रतिदिन 6 घंटे काम करके किसी कार्य को 12 दिनों में पूरा कर सकता है। B प्रतिदिन 8 घंटे काम करके उसी कार्य को 18 दिनों में पूरा कर सकता है।
यदि दोनों मिलकर प्रतिदिन $7\frac{1}{9}$ घंटे कार्य करते हैं, तो वे उसी कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं?

Ans
- ✗ A. $5\frac{1}{4}$
- ✗ B. $6\frac{1}{4}$
- ✗ C. $5\frac{3}{4}$
- ✓ D. $6\frac{3}{4}$

Q.27 यदि $\sin\theta = \frac{3}{5}$ है, तो $\cos^2\theta$ का मान कितना है?

Ans
- ✗ A. $\frac{4}{5}$
- ✗ B. $\frac{3}{5}$
- ✓ C. $\frac{16}{25}$
- ✗ D. $\frac{9}{25}$

Q.28 सुधा का व्यय उसकी बचत से 100% अधिक है। यदि उसका व्यय 2% कम हो जाता है और बचत 22% बढ़ जाती है, तो उसकी आय में कितने प्रतिशत की वृद्धि होती है?

Ans
- ✓ A. 6%
- ✗ B. 3%
- ✗ C. 2%
- ✗ D. 10%

Q.29 दिए गए आंकड़े 22, 16, 17, 49, 7, 16, 45, 17, 7, 6, 16, 17, 22, 7, 16 तथा 44 का बहुलक ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 17
- ✗ B. 7
- ✗ C. 22
- ✓ D. 16

Q.30 एक विक्रेता ने ₹1,848 में एक AC खरीदा। अंकित मूल्य पर 58% की छूट देने के बाद भी उसे 63% का लाभ हुआ। AC का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹7,216
- ✗ B. ₹7,219
- ✗ C. ₹7,066
- ✓ D. ₹7,172

Q.31 किसी शहर में टैक्सी किराये में एक निश्चित किराये के साथ-साथ तय की गई दूरी का किराया भी शामिल होता है। 20 km की दूरी के लिए, भुगतान किया जाने वाला किराया ₹200 है और 25 km की दूरी के लिए, भुगतान किया जाने वाला किराया ₹245 है। एक व्यक्ति को 1 km की दूरी तय करने के लिए कितना भुगतान करना होगा?

Ans
- ✗ A. ₹25
- ✓ B. ₹29
- ✗ C. ₹31
- ✗ D. ₹27

Q.32 $(2x+3)^2 - (2x-3)^2 - 24x$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 2x
- ✓ B. 0
- ✗ C. 4x
- ✗ D. 1

Q.33 अजीत को 20% की छूट पर एक नई मेज प्राप्त हुई। यदि अजीत को कोई छूट नहीं मिलती, तो उसे ₹6,925 अतिरिक्त देने पड़ते। तो अजीत ने मेज के लिए कितना भुगतान किया?

Ans
- ✗ A. ₹27,701
- ✗ B. ₹27,702
- ✓ C. ₹27,700
- ✗ D. ₹27,698

Q.34 फर्नीचर की तीन वस्तुओं का औसत मूल्य ₹16,650 है। यदि उनकी कीमतें 3 : 5 : 7 के अनुपात में हैं, तो सबसे महंगी वस्तु का मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 9,990
- ✓ B. 23,310
- ✗ C. 7,770
- ✗ D. 5,550

Q.35 एक घनाभ की लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई का अनुपात $\frac{2}{3} : \frac{1}{4} : \frac{5}{6}$ है। यदि घनाभ की लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई में क्रमशः 25%, $33\frac{1}{3}\%$ और 40% की वृद्धि की जाती है, तो नए घनाभ का आयतन, मूल घनाभ के आयतन का कितना गुना है?

Ans
- ✓ A. $\frac{7}{3}$ गुना
- ✗ B. $\frac{4}{3}$ गुना
- ✗ C. 3 गुना
- ✗ D. $\frac{5}{3}$ गुना

Q.36 दादा की आयु अपने पोते की आयु की पाँच गुना है। दस वर्ष बाद, उनकी उम्र अपने पोते से केवल तीन गुना होगी। अगर दादा का चचेरा भाई उनसे पाँच वर्ष बड़ा है, तो तीन वर्ष पहले चचेरा भाई कितने वर्ष का था?

Ans
- ✗ A. 55 वर्ष
- ✗ B. 51 वर्ष
- ✗ C. 54 वर्ष
- ✓ D. 52 वर्ष

Q.37 ₹7,085 को X, Y और Z के बीच इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि यदि उनके हिस्से से क्रमशः ₹92, ₹9 और ₹48 काट लिए जाएँ, तो उनके पास 3:15:16 के अनुपात में धनराशि बचती है। Y और Z के मूल हिस्सों के बीच अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹54
- ✓ B. ₹243
- ✗ C. ₹254
- ✗ D. ₹104

Q.38 P और Q मिलकर एक टंकी को 14 घंटे में पानी से भर सकते हैं। यदि P अकेले उसी टंकी को 28 घंटे में पानी से भर सकता है, तो Q अकेले उसी टंकी के एक-चौथाई भाग को कितने घंटे में पानी से भरेगा?

Ans
- ✗ A. 14
- ✗ B. 8
- ✗ C. 15
- ✓ D. 7

Q.39 517 में वह सबसे छोटी कौन-सी संख्या जोड़ी जाए जिससे प्राप्त संख्या 15, 25 और 8 से पूर्णतः विभाज्य हो?

Ans
- ✗ A. 82
- ✗ B. 86
- ✗ C. 81
- ✓ D. 83

Q.40 यदि P : 14 :: 57 : 21 है, तो P का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 36
- ✗ B. 41
- ✓ C. 38
- ✗ D. 35

Q.41 यदि एक लड़का 3 km/hr की चाल से दौड़ता है, तो उसे 25 m की भुजा वाले एक वर्गाकार मैदान का एक पूरा चक्कर लगाने में कितने सेकंड लगेंगे?

Ans
- ✓ A. 120
- ✗ B. 100
- ✗ C. 130
- ✗ D. 110

Q.42 राजधानी एक्सप्रेस और गरीब रथ एक्सप्रेस क्रमशः 115 km/hr और 61 km/hr की चाल से एक ही दिशा में चलती है, और उनकी लंबाई समान है। यदि राजधानी एक्सप्रेस 116 सेकंड में गरीब रथ एक्सप्रेस को पूरी तरह से पार कर लेती है, तो उसकी लंबाई कितनी होगी?

Ans
- ✗ A. 877 m
- ✓ B. 870 m
- ✗ C. 873 m
- ✗ D. 868 m

Q.43 ₹3,200 की राशि पर 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 2 वर्षों में प्राप्त राशि कितनी होगी, जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है?

Ans
- ✗ A. ₹3,189
- ✓ B. ₹3,872
- ✗ C. ₹4,648
- ✗ D. ₹3,871

Q.44 $\sqrt{50} + \sqrt{8}$ को सरल कीजिए।

Ans
- ✗ A. $\sqrt{78}$
- ✓ B. $\sqrt{98}$
- ✗ C. $\sqrt{68}$
- ✗ D. $\sqrt{58}$

Q.45 प्रथम 21 अभाज्य संख्याओं का योग कितना है?

Ans
- ✗ A. 709
- ✗ B. 710
- ✗ C. 717
- ✓ D. 712

Q.46 एक दुकानदार ₹40,000 में एक लैपटॉप खरीदता है और उसे ₹45,000 में बेचता है। दुकानदार को कितना प्रतिशत लाभ हुआ?

Ans
- ✗ A. 13.5%
- ✓ B. 12.5%
- ✗ C. 10.5%
- ✗ D. 17.5%

Q.47 यदि दूध और पानी के 50 लीटर मिश्रण में 12% पानी है, तो नए मिश्रण में पानी की मात्रा 20% करने के लिए कितना पानी मिलाया जाना चाहिए?

Ans
- ✗ A. 3 लीटर
- ✓ B. 5 लीटर
- ✗ C. 6 लीटर
- ✗ D. 2 लीटर

Q.48 यदि किसी गोले की त्रिज्या 30 cm है, तो उसका पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 900 π cm2
- ✓ B. 3600 π cm2
- ✗ C. 3612 π cm2
- ✗ D. 1800 π cm2

Q.49 दो मित्र मोहन और डेविड की मासिक आय क्रमशः 5 : 9 के अनुपात में है और उनमें से प्रत्येक हर माह ₹48,000 की बचत करता है। यदि उनके मासिक व्यय का अनुपात 2 : 4 है, तो मोहन की मासिक आय (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 2,39,000
- ✗ B. 3,36,000
- ✓ C. 2,40,000
- ✗ D. 2,41,000

Q.50 एक त्रिभुज की भुजाएं 41 cm, 84 cm और 85 cm हैं। 84 cm लंबाई वाली भुजा के संगत इसके शीर्षलंब की लंबाई कितनी होगी?

Ans
- ✓ A. 40 cm
- ✗ B. 20 cm
- ✗ C. 14 cm
- ✗ D. 24 cm

Section : General Intelligence and Reasoning

Q.51 A, B, C, D, E और L एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B के बाएं से गिनने पर A और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C, A के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। E और B दोनों का निकटतम पड़ोसी D है। C के निकटतम पड़ोसी कौन हैं?

Ans
- ✗ A. A और E
- ✗ B. E और L
- ✓ C. L और A
- ✗ D. B और L

Q.52 एक निश्चित कूट भाषा में, 'TMCB' को '76' और 'GKIR' को '90' लिखा जाता है। उसी भाषा में 'VAPD' का कूट क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 91
- ✓ B. 86
- ✗ C. 88
- ✗ D. 80

Q.53 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

IHD 78 EDZ 87 AZV 96 WVR 105 ?

Ans
- ✓ A. SRN 114
- ✗ B. SQM 113
- ✗ C. SBL 113
- ✗ D. SSM 114

Q.54 उस सेट का चयन करें जिसमें संख्याएँ उसी तरह से संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएँ हैं। (नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ 13 को लीजिए - 13 पर की जाने वाली संक्रियाएं जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(42, 14, 13.8)
(54, 18, 17.8)

Ans
- ✗ A. (126, 42, 40.8)
- ✗ B. (255, 85, 83.8)
- ✓ C. (63, 21, 20.8)
- ✗ D. (213, 71, 69.8)

Q.55 दी गई सीरीज़ में प्रश्न-चिह्न (?) की जगह क्या आना चाहिए?

7 9 12 17 26 ?

Ans
- ✗ A. 48
- ✗ B. 45
- ✓ C. 43
- ✗ D. 40

Q.56 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित रूप से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. EJLP
- ✓ B. TYBF
- ✗ C. QVXB
- ✗ D. VACG

Q.57 एक निश्चित कूट भाषा में, 'bow elk door' को ' xz vo ts' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'door mug blue' को 'zj xz hf' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'door' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
- ✗ A. zj
- ✗ B. ts
- ✗ C. vo
- ✓ D. xz

Q.58 निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 7 4 1 2 4 9 7 5 3 6 1 5 2 7 4 5 8 3 9 6 5 7 3 9 1 4 2 (दाएं)

ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या है और ठीक बाद में एक विषम संख्या है?

Ans
- ✗ A. दो
- ✓ B. तीन से अधिक
- ✗ C. एक
- ✗ D. तीन

Q.59 E, F, G, H, P, Q और R एक गोल मेज के परितः, केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। R के दाईं ओर से गिनने पर H और R के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। Q, R के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। G, Q के दाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। F, Q का निकटतम पड़ोसी है। P, H का निकटतम पड़ोसी नहीं है। P के दाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✓ A. E
- ✗ B. G
- ✗ C. Q
- ✗ D. F

Q.60 उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

MV-OX-QS
OX-QZ-SU

Ans
- ✗ A. LT-MU-OR
- ✓ B. KT-MV-OQ
- ✗ C. LT-MV-OR
- ✗ D. KT-MV-OR

Q.61 रिदम बिंदु A से चलना शुरू करता है और पूर्व दिशा में 45 km चलता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 48 km चलता है, फिर दाएं मुड़कर 51 km चलता है। इसके बाद वह दाएं मुड़कर 63 km चलता है। अंत में वह दाएं मुड़कर 6 km चलता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

Ans
- ✗ A. उत्तर की ओर 17 km
- ✗ B. दक्षिण की ओर 14 km
- ✗ C. उत्तर की ओर 16 km
- ✓ D. दक्षिण की ओर 15 km

Q.62 यदि संख्या 24583671 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक से 1 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं ओर से दूसरे और दाएं ओर से दूसरे अंकों का योग क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 12
- ✗ B. 10
- ✗ C. 13
- ✓ D. 11

Q.63 एक कक्षा के सभी 38 विद्यार्थी उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़े हैं। आयुष दाएं छोर से 16वें स्थान पर है जबकि मीना बाएं छोर से 21वें स्थान पर है। आयुष और मीना के बीच कितने व्यक्ति खड़े हैं?

Ans
- ✗ A. 0
- ✗ B. 3
- ✗ C. 2
- ✓ D. 1

Q.64 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस समूह से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ A. KM – HR
✗ B. QC – NH
✗ C. EW – BB
✓ D. HK – DP

Q.65 उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

ADG : CFI
FLR : HNT

Ans
✗ A. MDR : SEI
✓ B. KEQ : MGS
✗ C. VES : TEY
✗ D. NDR : FTS

Q.66 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी पैन, कप हैं।
सभी कप, बोतल हैं।
कुछ कप, मग हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ बोतल, मग हैं।
(II) कुछ पैन, मग हैं।

Ans
✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✗ C. निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✓ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.67 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 756 325 685 458 359 (दाएं)
(उदाहरण: 697 में - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम कितना होगा?

Ans
✗ A. 13
✓ B. 11
✗ C. 12
✗ D. 10

Q.68 दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

6, 13, 21, 30, 40, ?

Ans
✗ A. 54
✓ B. 51
✗ C. 53
✗ D. 52

Q.69 संख्या 268745913 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में निम्नलिखित में से कौन-सा अंक बाएं से तीसरा होगा?

Ans
- ✗ A. 5
- ✗ B. 4
- ✗ C. 2
- ✓ D. 3

Q.70 किसी निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A - B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A & B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'T + O - R x N & M' है, तो T का M से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. माता का भाई
- ✗ B. माता की बहन का पुत्र
- ✓ C. माता के भाई का पुत्र
- ✗ D. भाई का पुत्र

Q.71 निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 7 1 4 3 6 2 7 9 6 5 1 1 7 7 3 2 5 5 3 6 6 5 6 2 1 9 1 (दाएं)

ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है तथा ठीक बाद भी एक विषम संख्या है?

Ans
- ✗ A. 8
- ✓ B. 6
- ✗ C. 5
- ✗ D. 7

Q.72 छह व्यक्ति, A, B, C, D, E और F, एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A, D के ठीक बाएं बैठा है। C, E के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। C, D का निकटतम पड़ोसी है। F, B के ठीक बाएं बैठा है। E और F के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✓ A. एक
- ✗ B. तीन
- ✗ C. दो
- ✗ D. एक भी नहीं

Q.73 उमेश बिंदु Y से चलना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 83 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 31 km गाड़ी चलाता है, फिर बाएं मुड़ता है और 45 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 55 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 38 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 16 km गाड़ी चलाकर बिंदु Z पर रुकता है। बिंदु Y तक दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए?

(जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90° के हैं।)

Ans
- ✗ A. पश्चिम की ओर 43 km
- ✗ B. पूर्व की ओर 38 km
- ✗ C. पश्चिम की ओर 41 km
- ✓ D. पूर्व की ओर 40 km

Q.74 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी सोना, छत्ते हैं।
कोई भी छत्ता, गाय नहीं है।

निष्कर्ष:
(I): कोई सोना, गाय नहीं है।
(II): कुछ गाय, छत्ते हैं।

Ans
✔ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✘ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
✘ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
✘ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

Q.75 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

BAN EDQ HGT KJW ?

Ans
✘ A. NZM
✘ B. NMH
✔ C. NMZ
✘ D. NMJ

Q.76 निम्नलिखित श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, प्रश्न चिह्नों (?) के स्थान पर समान क्रम में कौन-सी संख्याएं आनी चाहिए?

101 103 ? 107 109 ?

Ans
✔ A. क्रमशः, 105 और 111
✘ B. क्रमशः, 107 और 111
✘ C. क्रमशः, 105 और 101
✘ D. क्रमशः, 105 और 113

Q.77 एक कक्षा के सभी 35 विद्यार्थी उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़े हैं। वीर दाएं छोर से 14वें स्थान पर है, जबकि माया बाएं छोर से 20वें स्थान पर है। वीर और माया के बीच कितने व्यक्ति खड़े हैं?

Ans
✘ A. 0
✔ B. 1
✘ C. 3
✘ D. 2

Q.78 निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं।) गिनती बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 6 4 9 2 3 2 7 7 9 8 3 8 7 9 9 9 7 9 5 8 9 9 1 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है और ठीक बाद एक विषम अंक है?

Ans
✘ A. एक
✔ B. तीन
✘ C. एक भी नहीं
✘ D. दो

Q.79 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

88 − 36 × 9 + 4 ÷ 3 = ?

Ans
- ✗ A. 75
- ✓ B. 80
- ✗ C. 90
- ✗ D. 70

Q.80 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

CJT : FLU
EIM : HKN

Ans
- ✗ A. NPR:VCX
- ✓ B. NPT:QRU
- ✗ C. ZOT:FSA
- ✗ D. BSR:ODU

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत, संसद में विनियोग विधेयक (संख्या 2), 2025 पारित किया गया है?

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 117
- ✗ B. अनुच्छेद 118
- ✓ C. अनुच्छेद 114
- ✗ D. अनुच्छेद 119

Q.82 'राइजिंग नॉर्थ ईस्ट' इन्वेस्टर्स समिट, 2025 का प्रथम संस्करण कहाँ आयोजित किया गया था?

Ans
- ✓ A. नई दिल्ली
- ✗ B. कोलकाता
- ✗ C. मुंबई
- ✗ D. गुवाहाटी

Q.83 खेलो इंडिया विंटर गेम्स, 2025 का दूसरा चरण कहां आयोजित किया गया?

Ans
- ✓ A. गुलमर्ग, जम्मू और कश्मीर
- ✗ B. ज़ांस्कर घाटी, लद्दाख
- ✗ C. लेह, लद्दाख
- ✗ D. औली, उत्तराखंड

Q.84 जून 2025 में भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा किए गए मूल्यांकन में, निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्रीय उद्यान 92.97% का प्रबंधन प्रभावशीलता मूल्यांकन (MEE) स्कोर अर्जित करते हुए, भारत में दो शीर्ष प्रदर्शन करने वाले संरक्षित क्षेत्रों में से एक के रूप में उभरा?

Ans
- ✗ A. रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान
- ✗ B. ग्रेट हिमालयन राष्ट्रीय उद्यान
- ✗ C. नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान
- ✓ D. दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान

Q.85 2025 में, निम्नलिखित में से किस शहर ने अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय द्वारा आयोजित लोक संवर्धन पर्व के 5वें संस्करण की मेजबानी की?

Ans
- ✗ A. जयपुर, राजस्थान
- ✓ B. कोच्चि, केरल
- ✗ C. लखनऊ, उत्तर प्रदेश
- ✗ D. भोपाल, मध्य प्रदेश

Q.86 2025 की CAG रिपोर्ट के अनुसार, शराब नीति घोटाले के कारण दिल्ली सरकार को राजस्व की कितनी अनुमानित हानि हुई थी?

Ans
- ✔ A. ₹2,000 करोड़
- ✘ B. ₹20,000 करोड़
- ✘ C. ₹5,000 करोड़
- ✘ D. ₹10,000 करोड़

Q.87 ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन तीव्रता लक्ष्य नियम, 2025, निम्नलिखित में से किन अनुपालन वर्षों के लिए निर्दिष्ट मूल्यों को लक्षित करते हैं?

Ans
- ✘ A. 2026–27 और 2027–28
- ✔ B. 2025–26 और 2026–27
- ✘ C. 2030–31 और 2035–36
- ✘ D. 2027–28 और 2028–29

Q.88 2025 में मैक्स वर्स्टापेन (Max Verstappen) ने निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रैंड प्रिक्स जीता?

Ans
- ✔ A. जापान
- ✘ B. चीन
- ✘ C. बहरीन
- ✘ D. स्पेन

Q.89 देशभक्ति फिल्मों के लिए 'भारत कुमार' के नाम से मशहूर किस दिग्गज भारतीय अभिनेता-निर्देशक का 4 अप्रैल 2025 को देहांत हो गया?

Ans
- ✘ A. अमिताभ बच्चन
- ✔ B. मनोज कुमार
- ✘ C. दिलीप कुमार
- ✘ D. राजेश खन्ना

Q.90 मई 2025 तक, भारत के रक्षा क्षेत्र में नए औद्योगिक लाइसेंस प्राप्त करने की इच्छुक कंपनियों के लिए स्वचालित मार्ग (Automatic Route) के माध्यम से अधिकतम कितने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की अनुमति है?

Ans
- ✘ A. 100%
- ✔ B. 74%
- ✘ C. 51%
- ✘ D. 49%

Q.91 भारतीय मध्यस्थता परिषद (ICA) ने किस कार्यक्रम के दौरान 'भारत-सिंगापुर कॉरिडोर में ADR के माध्यम से बाज़ारों को जोड़ना, विवादों का समाधान' पर एक संगोष्ठी-सह-गोलमेज सम्मेलन आयोजित किया?

Ans
- ✔ A. सिंगापुर कन्वेंशन वीक 2025 (Singapore Convention Week 2025)
- ✘ B. इंडिया लीगल वीक 2025 (India Legal Week 2025)
- ✘ C. इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन समिट 2025 (International Arbitration Summit 2025)
- ✘ D. मीडिएशन वीक 2025 (Mediation Week 2025)

Q.92 2025 AAU सुलिवन पुरस्कार समारोह कहाँ आयोजित किया गया था?

Ans
- ✔ A. न्यूयॉर्क एथलेटिक क्लब
- ✘ B. शिकागो एथलेटिक क्लब
- ✘ C. लॉस एंजिल्स कन्वेंशन सेंटर
- ✘ D. वाशिंगटन डीसी

Q.93 मार्च 2025 में भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (IRDAI) द्वारा वैल्यूएटिक्स रीइंश्योरेंस (Valueattics Reinsurance) को प्रदान किए गए 'R2 लाइसेंस' का क्या महत्व है?

Ans
- ✗ A. खुदरा बीमा पॉलिसियों को सीधे बेचने का लाइसेंस
- ✓ B. पुनर्बीमा कारोबार शुरू करने की मंजूरी
- ✗ C. बैंकिंग परिचालन शुरू करने के लिए प्रारंभिक मंजूरी
- ✗ D. विदेशी शाखाओं के अधिग्रहण के लिए नियामक मंजूरी

Q.94 निम्नलिखित में से किस राज्य ने जून 2025 के मध्य में नए आपदा उपकरण के हिस्से के रूप में बाढ़-जोखिम क्षेत्रीकरण एटलस (flood-hazard zonation atlas) लॉन्च किया है?

Ans
- ✗ A. केरल
- ✓ B. असम
- ✗ C. बिहार
- ✗ D. कर्नाटक

Q.95 'अग्निबाण - SOrTeD' (सब-ऑर्बिटल टेक्नोलॉजी डेमोंस्ट्रेटर) को 30 मई 2024 को भारत के पहले निजी लॉन्च पैड ______ से लॉन्च किया गया, जिसे अग्निकुल द्वारा स्थापित किया गया था।

Ans
- ✗ A. कवच
- ✓ B. धनुष
- ✗ C. पृथ्वी
- ✗ D. तारामंडल

Q.96 ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स, 2025 में भारत किस अर्थव्यवस्था समूह में प्रथम स्थान पर है?

Ans
- ✗ A. उच्च आय अर्थव्यवस्थाएँ
- ✓ B. निम्न-मध्यम आय अर्थव्यवस्थाएँ
- ✗ C. उच्च-मध्यम आय अर्थव्यवस्थाएँ
- ✗ D. अल्पतम विकसित अर्थव्यवस्थाएँ

Q.97 जनवरी 2025 में जारी आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार वित्त वर्ष 2025 में भारत के लिए कृषि विकास दर का पूर्वानुमान कितना था?

Ans
- ✗ A. 4.5%
- ✗ B. 2.5%
- ✓ C. 3.8%
- ✗ D. 5.2%

Q.98 2025 तक की स्थिति के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी पहल, ओलंपिक और पैरालिंपिक के लिए एथलीटों के प्रशिक्षण में सहायता करती है?

Ans
- ✓ A. लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना (Target Olympic Podium Scheme)
- ✗ B. गो एंड प्ले योजना (Go and Play scheme)
- ✗ C. कम एंड प्ले योजना (Come and Play Scheme)
- ✗ D. राष्ट्रीय खेल कोष (National Sports Fund)

Q.99 2025 जूनो अवार्ड्स (Juno Awards) का आयोजन कहाँ और कब किया गया?

Ans
- ✗ A. ओटावा, 25 मार्च
- ✗ B. टोरंटो, 15 अप्रैल
- ✓ C. वैंकूवर, 30 मार्च
- ✗ D. मॉन्ट्रियल, 5 मई

Q.100 निम्नलिखित में से कौन-सी क्रांतिकारी पुस्तक 1923 में वीर सावरकर द्वारा लिखी गई थी, जिनकी जयंती 28 मई 2025 को मनाई गई?

Ans

❌ A. द डिस्कवरी ऑफ इंडिया (The Discovery of India)

❌ B. माय एक्सपेरीमेंट्स विद ट्रुथ (My Experiments with Truth)

❌ C. इंडिया विन्स फ्रीडम (India Wins Freedom)

✔ D. हिंदुत्व: हू इज ए हिंदू? (Hindutva: Who is a Hindu?)

"